पटना स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन को लेकर निषेधाज्ञा लागू

शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी

नवादा। गुरुबार को अनुमंडल दंडाधिकारी, रजौली, स्वतंत्र कुमार सुमन द्वारा बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 23.10.2026 को निर्धारित मतदान के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू की गई है। उक्त आदेश का उद्देश्य मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना तथा मतदान केंद्रों के आसपास विधि-व्यवस्था संधारित रखना है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान प्रातः 8:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक संपन्न होगा। निर्वाचन की संवेदनशीलता को देखते हुए मतदान केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्रित करने, मतदाताओं को प्रभावित करने तथा मतदान प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न करने वाली गतिविधियों पर रोक लगाई गई है।

निषेधाज्ञा के तहत प्रमुख प्रतिबंध एवं निर्देश निम्नवत् हैं—

1. मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय से पूर्व के 48 घंटों के दौरान निर्वाचन संबंधी प्रचार-प्रसार पर लागू प्रतिबंधों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

2. मतदान केंद्र के 200 मीटर की परिधि में किसी भी राजनीतिक दल अथवा अभ्यर्थी द्वारा चुनाव कार्यालय स्थापित नहीं किया जाएगा।

3. मतदान केंद्रों के निकट अनधिकृत सभा, बैठक अथवा भीड़ एकत्रित करने की अनुमति नहीं होगी।

4. मतदाताओं को डराने-धमकाने, प्रलोभन देने अथवा किसी भी प्रकार से उनके स्वतंत्र मतदान को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा।

5. निर्धारित प्रतिबंधित क्षेत्र में लाठी, भाला, गंडासा, तलवार अथवा अन्य घातक हथियार लेकर चलने की अनुमति नहीं होगी।

6. मतदान केंद्रों के आसपास मोबाइल फोन, वायरलेस सेट एवं अन्य संचार उपकरणों के उपयोग पर आदेश में निर्धारित प्रतिबंध लागू रहेंगे। निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त अधिकृत पदाधिकारियों एवं कर्मियों को नियमानुसार छूट रहेगी।

7. धार्मिक, सामुदायिक अथवा जातिगत भावनाओं को भड़काने तथा निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर रोक रहेगी।

8. ध्वनि विस्तारक यंत्रों, जुलूसों एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में निर्वाचन आयोग तथा सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्धारित प्रतिबंधों का अनुपालन अनिवार्य होगा।

9. आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं एवं अन्य आवश्यक सेवाओं के परिचालन में बाधा उत्पन्न नहीं की जाएगी।

10. रेलवे स्टेशन, बस पड़ाव एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर आवागमन तथा वाहनों के परिचालन को बाधित नहीं किया जाएगा। पार्किंग एवं यातायात संबंधी निर्धारित निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

अनुमंडल दंडाधिकारी, रजौली द्वारा संबंधित दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निषेधाज्ञा का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

विवाहिता का फंदे से लटकता शव बरामद

मौत की गुत्थी उलझी, जांच में जुटी पुलिस

नवादा। नगर थाना क्षेत्र के ननौरा गांव में एक विवाहिता का कमरे में फंदे से लटकता शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान रजनीकांत कुमार की 26 वर्षीय पत्नी सुनीता कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है। वहीं, विवाहिता की मौत को लेकर अलग-अलग बातें सामने आने से मामला उलझ गया है। मृतका के पति रजनीकांत कुमार के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से आर्थिक तंगी को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो रहा था। उन्होंने आशंका जताई कि इसी तनाव के कारण सुनीता ने आत्महत्या कर ली होगी। हालांकि, ससुराल पक्ष के लोगों का कहना है कि सुनीता आत्महत्या नहीं कर सकती। ऐसे में उसकी मौत को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार, सुनीता और रजनीकांत की शादी वर्ष 2021 में हुई थी। दोनों का एक बेटा भी है। परिजनों के मुताबिक, आर्थिक परेशानियों को लेकर दंपती के बीच पिछले कुछ दिनों से अनबन चल रही थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों की ओर से लिखित आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल विवाहिता की मौत के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

21 लाभुकों का बना आयुष्मान कार्ड

कौआकोल (नवादा) (संसू)। सरकार के निर्देश पर गुरुवार को विकास शिविर के तहत प्रखंड के सेखोदेवरा पंचायत में दो स्थानों पर शिविर आयोजित कर 21 लाभुकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

शिविर का आयोजन नवसृजित प्राथमिक विद्यालय बिरला मोड़, तथा बिरहोर टांड़ में किया गया। इस दरम्यान बिरहोर टांड़ में आठ तथा सेखोदेवरा बिड़ला मोड़ में 13 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इसके अलावा शिविर में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन भी प्राप्त किए गए, ताकि पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ मिल सके। इस दरम्यान लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। जहां स्थानीय लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवा उपलब्ध कराई गई।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

भवन प्रमंडल समस्तीपुर, भवन निर्माण विभाग

बिहार सरकार

केवल ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाइट एवं www.eproc2.bihar.gov.in पर

ई0 – निविदा आमंत्रण सूचना (TWO BID SYSTEM)

अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 20/भ0प्र0समस्तीपुर/2026–2027

क्रम सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (Internet payment Gateway Chalan के माध्यम से) (रू0 में)	बीड प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1.	Repair work of Administrative Building, Girl's Hostel & Boy's Hostel (2 block) including water supply & sanitary installation at Kameshwar Narayan Singh Govt. Polytechnic Kishanpur Tabkha Under Bibhutipur Block in Distt. Samastipur (with electrical work).	1,21,92,500.00	244000.00	10000.00	As per Website	06 माह।

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, समस्तीपुर।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि – 15.10.2026
3. निविदा को सिस्टम पर अपलोड करने की तिथि – 05.11.2026
4. निविदा कागजात डाउनलोड/अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय – 26.11.2026 के 03.00 बजे अप0 तक।
5. टेकनीकल बीड खोलने की तिथि एवं समय – 27.11.2026 के 03.30 बजे अप0 तक।
6. वित्तीय वीड खोलने की तिथि एवं समय पदाधिकारी – तकनीकी बीड मूल्याकनोपरांत सक्षम के आदेशानुसार।
7. निविदा बिक्री, प्राप्ति एवं खोलने का स्थान – वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
8. निविदा स्वीकृत करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता – अधीक्षण अभियंता, भ0नि0 वि0,भवन अंचल दरभंगा

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, समस्तीपुर
भवन निर्माण विभाग

PR- 013914 (BCD) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

सड़क दुर्घटना में घायलों को मिलेगा डेढ़ लाख रुपये का कैशलेस उपचार, जिले के 7 निजी अस्पताल सूचीबद्ध

नवादा। सिविल सर्जन कार्यालय, नवादा में आयोजित सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों की बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, नवादा रंजीत कुमार ने प्रधानमंत्री राहत योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोटर वाहन से हुई सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को योजना के तहत सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में दुर्घटना की तिथि से सात दिनों की अवधि तक अधिकतम डेढ़ लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए घायल व्यक्ति को अग्रिम भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होगी। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ सात सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में भी घायलों के उपचार की सुविधा उपलब्ध है। योजना का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि आर्थिक अभाव के कारण किसी भी घायल व्यक्ति के उपचार में देरी न हो। सड़क दुर्घटना होने पर तत्काल 112 नंबर पर सूचना देकर घायल व्यक्ति को नजदीकी सूचीबद्ध अस्पताल पहुंचाना होगा। अस्पताल में घायल को भर्ती कर तत्काल उपचार शुरू किया जाएगा तथा टीएमएस 2.0 पोर्टल पर ट्रीटमेंट आईडी बनाई जाएगी। दुर्घटना से संबंधित जानकारी पुलिस के ई-डीएआर सिस्टम को भी भेजी जाएगी। इसके बाद पुलिस अधिकारी दुर्घटना, दुर्घटना में मोटर वाहन की संलिप्तता तथा पीड़ित की पहचान का सत्यापन करेंगे। निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद योजना के तहत कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

मनोहर मेमोरियल हॉस्पिटल- पता- संगत रोड, रजौली, संपर्क नंबर- 9934690900, अभिनव आई केयर सेंटर, पता- स्टेडियम के दक्षिणी गेट संख्या-4 के सामने, नवादा, संपर्क नंबर- 7717706096, नेत्र निदान आई हॉस्पिटल, पता- इंटर हाई स्कूल, कन्हाई के पास, नवादा, संपर्क नंबर- 9308806129 , मेट्रो हॉस्पिटल, पता- पार नवादा, नवादा-गया रोड, नवादा, संपर्क नंबर- 9835066950, मेडिकेयर गायनी एवं स्टोन हॉस्पिटल, पता- हॉस्पिटल रोड, सिन्हा भवन, नवादा, संपर्क नंबर- 7992322475, धर्मशिला देवी हॉस्पिटल पता- आईटीआई के पास, केंदुआ, पटना बाईपास, नवादा, संपर्क नंबर- 8809732200, आदित्य आई हॉस्पिटल, पता- नवीनगर, वार्ड संख्या-14, हरिश्चंद्र स्टेडियम के पास, गोदापुर, नवादा, संपर्क नंबर- 8789332250।

पटना स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने की ब्रीफिंग, बज्रगृह का किया निरीक्षण

नवादा। बिहार विधान परिषद के पटना स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 के निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सफल संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक, नवादा अभिनव धीमान ने संयुक्त रूप से सभी प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की। इस दौरान निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 23 अक्टूबर 2026 को नवादा जिले के निर्धारित मतदान केंद्रों पर प्रातः 08:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक मतदान कराया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र एवं पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्रों के साइनेज अलग-अलग एवं स्पष्ट रूप से लगाए जाएं, ताकि मतदाताओं को अपने संबंधित मतदान केंद्र की पहचान करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने सभी पीठासीन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मतपत्रों को निर्धारित नियमों के अनुसार मोड़ना सुनिश्चित करें। जिस मतपत्र पर क्रमांक संख्या मुद्रित नहीं हो, उसे किसी भी परिस्थिति में मतदाता को जारी नहीं किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि नवादा जिले में पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 17 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 15,829 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं, पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए जिले में कुल 14 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां कुल 1,749 मतदाता मतदान करेंगे। निर्वाचन से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए समाहरणालय, नवादा के सभाकक्ष में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।



नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 06324-299948 है। निर्वाचन से संबंधित सूचनाएं एवं शिकायतें इस नंबर पर दर्ज कराई जा सकती हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि निर्वाचन के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यकतानुसार पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ अग्निशमन दल की उपलब्धता एवं आवश्यकतानुसार वाहनों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था की जाएगी तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

उन्होंने प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्धारित समय पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा निर्वाचन से संबंधित सूचनाओं एवं शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ब्रीफिंग के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), नवादा स्थित पोल्ड मतपेटिका संग्रहण केंद्र (बज्रगृह) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन सामग्री के समुचित प्रबंधन, रखरखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की तथा संबंधित सामग्री कोषांग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त, नवादा, अपर समाहर्त्ता, नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर, गोपनीय शाखा प्रभारी, स्थापना प्रभारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नवादा सदर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
सिंचाई प्रमंडल, बिहारशरीफ

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01 SBD / 2026-27

(राष्ट्रीय स्पर्द्धा)

(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. कार्य का विवरण –

ग्रुप सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में)	अग्रधन की राशि (लाख रू0 में) (ऑन लाईन अथवा फिजिकल / मैनुअल मोड में भुगतेय)	परिमाण – विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में	बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में	कार्य समाप्ति की अवधि
1	पैमार सिंचाई योजनान्तर्गत बायाँ मुख्य नहर के विभिन्न बिन्दुओं पर तटबंध सुदृढ़ीकरण तथा आवश्यक नहर संरचनाओं के जीर्णोद्धार/मरम्मति का कार्य।	279.45813	5.59000	10000.00	5900.00	03 माह

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक –15.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि : दिनांक – 28.10.2026 से दिनांक – 04.11.2026 के 3.00 बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री–बिड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि : दिनांक– 31.10.2026 को 3.00 बजे अपराह्न में, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, नालन्दा, बिहारशरीफ के कार्यालय कक्ष में।
5. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक – 06.11.2026, समय 3.30 बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. निविदा खोलने का स्थान : www.eproc2.bihar.gov.in पर ।
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
9. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, बिहारशरीफ। मो0न0: 7463889411
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in एवं wrd.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमंडल, बिहारशरीफ

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.013923 (WRD) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़, भारी मात्रा में हथियार और मशीन बरामद, एक गिरफ्तार

नारदीगंज (नवादा) (संसू)। थाना क्षेत्र के बनगंगा गांव में पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध हथियार निर्माण इकाई (मिनी गन फैक्ट्री) का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में अर्धनिर्मित हथियार, हथियार बनाने की आधुनिक मशीनें और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। मौके से एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसका बेटा फरार होने में सफल रहा। एसपी के निर्देशन पर 22 अक्टूबर 2026 की सुबह लगभग आठ बजे गठित संयुक्त टीम ने बनगंगा निवासी दिलीप विश्वकर्मा और उसके पिता विनेश विश्वकर्मा उर्फ बिंदी मिस्त्री के घर पर अचानक धावा बोला। छापेमारी का नेतृत्व डीएसपी राहुल सिंह, थानाध्यक्ष राजेश कुमार और एसटीएफ के एसआई दिवाकर कुमार ने अन्य पुलिस बल के साथ किया। तलाशी के दौरान आरोपियों के घर से ग्राइंडर मशीन, वेल्डिंग मशीन, पिलर ड्रिल मशीन, बेंच वाइस, देशी कट्टा के सांचे (15 पीस), हथियार की नलियां, अर्धनिर्मित बॉडी और बट समेत दर्जनों उपकरण मिले। इसके अलावा तीन .32 बोर और एक .8 एमएम केएफ के जिंदा कारतूस भी जब्त किए गए। पुलिस ने मूल रूप से नालंदा जिले के सारे थाना क्षेत्र स्थित जराईन गांव निवासी और वर्तमान में बनगंगा में रह रहे आरोपी विनेश विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका पुत्र दिलीप विश्वकर्मा भाग निकला। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह पिछले तीन-चार सालों से इस अवैध कारोबार को चला रहा था। नारदीगंज थाने में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस फरार बेटे की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है और आरोपी के पुराने आपराधिक इतिहास को भी खंगाल रही है।

बिहार केशरी की मनी जयंती

नवादा। जिला वरीय नागरिक संघ कार्यालय के प्रांगण में बिहार केसरी डॉ. कृष्ण सिंह की जयंती सुरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में बिहार केसरी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप जलाए गए। सभी सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर रामशरण सिंह ने डॉ. कृष्ण सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला और बिहार के सपूत बताया।वरीय नागरिक संघ नवादा के संयोजक डॉ. सुबोध कुमार ने बताया बिहार केसरी डॉ.कृष्ण सिंह लंबे बर्षों तक बिहार के मुख्यमंत्री रहते हुए आधुनिक बिहार मजबूत बनाया। उन्होंने बिहार में चारों ओर उद्योग लगाया।कृषि की उन्नति के लिए भी बिहार में विशेष काम किया। वे गरीब के, गरीब के लिए और गरीबों के बीच रह कर काम किया। भारत सरकार से उन्हें भारत रत्न देने की मांग करता हूं।अवध किशोर प्रसाद सिंह ने उनके संबंधों पर विभिन्न रोचक बातें बताते हुए उन्हें देश का सच्चा सपूत बताया। सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि डॉ. कृष्ण सिंह के अच्छे कार्यों को आत्मसात कर ही उनकी सच्ची जयंती मनाना सफल होगा। महेंद्र प्रसाद सिंह ने बिहार केसरी को आधुनिक बिहार के निर्माता बताया और कहा कि वे समरसता के सिद्धांत से जातपात को दूर भगाया। अंत में सरयू वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम में उदय शंकर प्रसाद, गौरी शंकर, दामोदर प्रसाद अन्य बहुत सारे वरीय नागरिक उपस्थित रहें।



महिलाओं ने धूमधाम से खेला सिंदूर, मां को दी भावुक विदाई

रजौली (नवादा) (आससे)। नगर पंचायत क्षेत्र के पुरानी बस स्टैंड में स्थापित मां काली की प्रतिमा के समीप बुधवार की शाम देर शाम सिंदूर खेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जो रात तक चला। रजौली में सिंदूर खेला का यह आयोजन पहली बार हुआ है, जो पूरी तरह से पश्चिम बंगाल की परंपरा से ओत-प्रोत था। सिंदूर खेला दुर्गा पूजा का सबसे भावुक और सुंदर समापन माना जाता है। प्रतिमा विसर्जन से ठीक पहले सुहागिन महिलाएं मां को विदा करती हैं। इस दौरान सबसे पहले महिलाओं ने मां दुर्गा के माथे और पैरों पर सिंदूर लगाया और पान एवं मिठाई का भोग लगाया।



इसके बाद सुहागिन महिलाओं ने एक-दूसरे की मांग में सिंदूर भरा और चेहरे पर सिंदूर लगाया। लाल-पीला साड़ी पहने महिलाओं का सिंदूर खेलना आकर्षण का केंद्र रहा। पूजा समिति के अध्यक्ष अरुण साव, उपाध्यक्ष रवि चौधरी, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार एवं सचिव रौशन कुमार ने बताया कि बंगाली परंपरा के अनुसार माना जाता है कि दुर्गा पूजा में मां अपने मायके आती हैं। विजयादशमी को जब वे वापस ससुराल यानी भगवान शिव के पास कैलाश जाती हैं, तो महिलाएं उनका श्रृंगार कर मीठा खिलाकर विदा करती हैं, जैसे घर की बेटी को विदा किया जाता है। पहले यह परंपरा सिर्फ बंगाली महिलाओं तक सीमित थी, लेकिन अब बिहार, झारखंड और नवादा-रजौली में भी धूमधाम से मनाई जाती है। समिति ने बताया कि पुरानी बस स्टैंड में मां काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा बीते वर्ष 2008 से होते आ रही है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा बड़े धूमधाम से हुई। शुरुआती दौर में इस पूजा के आयोजन में रजौली विधायक विमल राजवंशी और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद चन्द्रवंशी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और अभी भी वे पूजा समितियों का सहयोग करते आ रहे हैं। इस बार मां काली के रौद्र रूप को गुफा में डायनासोर पर बैठा हुआ दिखाया गया है, जो श्रद्धालुओं के लिए खास आकर्षण बना हुआ है। रजौली में पहली बार सप्तमी से विसर्जन के पूर्व तक लगातार पांच दिनों तक गंगा आरती की तर्ज पर महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। वहीं नवमी को राधा-कृष्ण के मनमोहक नृत्य का आयोजन किया गया। स्थानीय लोगों समेत मेला घूमने आए लोगों ने मां काली पूजा समिति के व्यवस्थित कार्यक्रमों की जमकर सराहना की। इस आयोजन को सफल बनाने में जितेंद्र कुमार, सुमित कुमार, रौशन चौधरी, रंजन कुमार वर्मा, राजेश राणा एवं चंदन मालाकार समेत दर्जनों सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को दी गयी भावपूर्ण विदाई

सिरदला (नवादा) (संसू)। नवादा जिले के सिरदला प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार के विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को ढोल-बाजे और हर्षोल्लास के साथ भावपूर्ण विदाई दी गई। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा बाजार भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। जानकारी के अनुसार, सिरदला बाजार के फूल बागान चौक, बीच बाजार, बरबीघा मोहल्ला तथा नीचे बाजार स्थित दुर्गा पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जन से पहले बाजार भ्रमण कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों और बाजे की धुन पर मां के जयकारे लगाए। मां दुर्गा की विदाई के दौरान भक्तों के चेहरे पर जहां मां के प्रति अटूट श्रद्धा और भक्ति का भाव दिखाई दिया, वहीं विदाई की बेला में वातावरण भावुक भी हो गया। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली बनाए रखने की कामना की। साथ ही अगले वर्ष फिर से मां के आगमन की प्रार्थना करते हुए उन्हें भावपूर्ण विदाई दी। पूजा पंडालों से निकली प्रतिमाओं के बाजार भ्रमण के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा। दुर्गा पूजा के समापन के साथ ही श्रद्धालुओं ने मां से अगले वर्ष पुन: आने की कामना की और नम आंखों से विदाई दी।

रजौली में स्नातक और शिक्षक एमएलसी चुनाव की तैयारी पूरी, सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा मतदान

रजौली (नवादा) (आससे)। प्रखंड कार्यालय परिसर में पटना स्नातक और शिक्षक एमएलसी निर्वाचन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान शुक्रवार को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सेक्टर सह जोनल दंडाधिकारी के रूप में डीटीओ रंजीत कुमार एवं पुलिस पदाधिकारी के रूप में साइबर थाना में पदस्थापित पुलिस निरीक्षक राहुल देव वर्मन के साथ सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती रहेगी। प्रखंड में कुल 1066 स्नातक मतदाता हैं, जिनमें 811 पुरुष और 255 महिला मतदाता शामिल हैं। स्नातक मतदाताओं के लिए उत्तरी भाग सह अंचल कार्यालय में मतदान केंद्र संख्या 120 बनाया गया है। वहीं शिक्षक निर्वाचन के लिए कुल 108 मतदाता हैं, जिनमें 87 पुरुष और 21 महिला मतदाता हैं। शिक्षक मतदाताओं के लिए दक्षिणी भाग सह प्रखंड कार्यालय में मतदान केंद्र संख्या 80 पर मतदान होगा। स्नातक मतदान केंद्र पर स्टैटिक दंडाधिकारी के रूप में एमओ गोविंदपुर प्राणनाथ मुन्ना और शिक्षक मतदान केंद्र पर बीएओ आयुष राज मौजूद रहेंगे। मतदाताओं की पहचान के लिए आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, डिग्री का मूल प्रमाण पत्र, यूडीआईडी समेत 10 प्रकार के पहचान पत्रों में से किसी एक को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

शिक्षक व स्नातक एमएलसी चुनाव के मतदान की तैयारी पूरी

कौआकोल (नवादा) (संसू)। बिहार विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन 2026 के तहत पटना शिक्षक एवं पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुक्रवार को होने वाले मतदान को लेकर कौआकोल प्रखंड में प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ डा. अखिलेश कुमार ने बताया कि प्रखंड कार्यालय में दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अलग-अलग मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार,पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रखंड कार्यालय के पश्चिमी भाग में मतदान केंद्र संख्या-73 बनाया गया है। इस केंद्र पर कुल 77 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 65 पुरुष और 12 महिला मतदाता शामिल हैं। वहीं,पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रखंड कार्यालय के पूर्वी भाग में मतदान केंद्र संख्या-113 निर्धारित किया गया है। इस केंद्र पर कुल 876 मतदाता मतदान करेंगे। इनमें 736 पुरुष और 140 महिला मतदाता शामिल हैं। प्रशासन की ओर से निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रशासन ने संबंधित मतदाताओं से निर्धारित समय पर मतदान केंद्र पर पहुंच अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।

सिरदला में बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना

साढ़े तीन लाख के जेवरात और 50 हजार रुपये की चोरी

सिरदला (नवादा) (ससू)। प्रखंड के अब्दुल पंचायत अंतर्गत पिपरहिया गांव में अज्ञात चोरों ने एक बंद घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। चोरों ने घर में रखे करीब साढ़े तीन लाख रुपये के जेवरात और 50 हजार रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार, शिवनंदन मिस्त्री का परिवार पुराने घर को बंद कर नवनिर्मित मकान में सो रहा था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने बंद घर को निशाना बनाया। चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखे कीमती सामान, जेवरात तथा नकदी लेकर फरार हो गए। पीड़िता पार्वती देवी ने बताया कि उनके और उनकी बहू सीता देवी के करीब साढ़े तीन लाख रुपये मूल्य के जेवरात तथा 50 हजार रुपये नकद चोरी हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित परिवार ने परना डावर थाना पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष हरिकांत कुमार ने बताया कि चोरी की घटना की छानबीन की जा रही है। पुलिस मामले के विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। हालांकि, घटना में शामिल चोरों के बारे में अभी तक कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, अरवल

बिहार सरकार

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–07R/PHED@ARWAL@2026-27

(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, अरवल।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– दिनांक 13.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड करने की तिथि :– दिनांक 26.10.2026 से 31.10.2026 को 5.00 बजे अपराहन् तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 31.10.2026 को 5:00 बजे अपराहन् तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. अग्रधन एवं परिमाण विपत्र के मूल्य एवं प्रोसेसिंग शुल्क का बैंक ड्राफ्ट जमा करने की अन्तिम तिथि,समय एवं स्थान (Uplodead सभी कागजात हार्ड कॉपी में) :– दिनांक 02.11.2026 को 3:00 बजे तक। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अरवल/अधीक्षण अभियंता, आरा अंचल, आरा/क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना के कार्यालय में।
6. निविदा (तकनीकी बीड) खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अरवल। दिनांक–02.11.2026 को 04:00 बजे पूर्वाहन्। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. कार्य का विवरण :–

ग्रुप0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाखमें)	अग्रधन की राशि (लाख में)	परिमाण विपत्र मूल्य रुपये में	बेलट्रॉन का प्रोसेसिंग फीस + अन्य कर (अप्रत्यर्पणीय रूप में)	कार्य समाप्ति की अवधि (माह में)
1	2	3	4	5	6	7
	लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अरवल अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में एस0सी0/एस0टी0/सरकारी स्कूल/सरकारी आंगनवाड़ी केन्द्र तथा पेयजल समस्याग्रस्त टोलों/वसावटों में पुराने जीर्ण–शीर्ण बंद चापाकलों के अकार्यरत होने की स्थिति में पेयजल समस्या से निजात हेतु एवं प्राकृतिक आपदा (सुखाड़/बाढ़) के कारण पेयजलापूर्ती हेतु नये IM –II चापाकलों का निमार्ण, प्लेटफार्म एवम् नाली सहित निर्माण तथा सोख्ता का निर्माण कार्य :–					
1.	125mmx40mmx61m गहराई का IM-II चापाकल 50 अदद् तथा 1Mtr. व्यास x 2Mtr.गहराई का सोख्ता निर्माण कुल–50 अदद।	47.05	0.941	5000.00	590.00	2 माह

8. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :– तकनीकी बीड निष्पादन के बाद समय एवं तिथि वेबसाईटwww.eproc2.bihar.gov.in पर सूचित की जायेगी।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना या अन्य शर्ते कार्यालय के सूचनापट्ट पर अथवाwww.eproc2.bihar.gov.in वेबसाईट पर देंखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, अरवल

PR- 013911 (PHED) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार